एक नजर में

विश्वकर्मा मंदिर व टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन

शुजालपुर, 4 जुलाई . विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज महासभा न्यास मालवांचल शुजालपुर के तत्वावधान में मांगलिक भवन परिसर में भगवान विश्वकर्मा मंदिर एवं टीन शेड निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार ने विधिवत पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया तथा मंदिर एवं टीन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की . कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष श्याम विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा, सचिव शिवनारायण विश्वकर्मा, सहसचिव हरिओम छालवंत, उपाध्यक्ष कैलाश नारायण विश्वकर्मा, संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी बद्री प्रसाद विश्वकर्मा सहित समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे . विशिष्ट अतिथियों में भंवरलाल परमार, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, कैलाश सोनी, सरपंच सतीश, मोहनलाल विश्वकर्मा, मनोहर विश्वकर्मा तथा उज्जैन विश्वकर्मा मंदिर के अध्यक्ष संतोष शर्मा भी मौजूद रहे . मंत्री परमार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की एकजुटता और जनसहभागिता से धार्मिक एवं सामाजिक विकास के कार्यों को गति मिलती है . उन्होंने संगठित समाज को संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का आधार बताते हुए सामाजिक सहभागिता पर जोर दिया . समारोह में बताया गया कि मंत्री परमार पूर्व में समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए भी 10 लाख रुपए की सहायता प्रदान कर चुके हैं . इस बार उनकी घोषणा के बाद उज्जैन एवं भोपाल संभाग से आए समाजबंधुओं ने भी मंदिर निर्माण के लिए लगभग 16 लाख रुपए के सहयोग का संकल्प लिया .कार्यक्रम में समाज की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं का सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया . आयोजन में पं . मनोज शर्मा की विशेष भूमिका रही . संचालन संतोष विश्वकर्मा पटलावदा तथा आभार प्रदर्शन रमेश कारपेंटर पचोर ने माना .

10 साल से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

शाजापुर, 4 जुलाई . जिले की सुनेरा थाना पुलिस ने वर्ष 2017 के एक एनडीपीएस मामले में 10 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी जगदीश परमार को गिरफ्तार किया है . आरोपी सीहोर का निवासी है . पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को सीहोर से पकड़ा और शाजापुर लेकर आई . कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उसे जेल भेज दिया गया .यह मामला 9 सितंबर 2017 का है। उस समय उकावता चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जलोदा जोड़ के पास नाकाबंदी की थी . इस दौरान एक टवेरा वाहन से एक क्विंटल गांजा जब्त किया गया था . कार्रवाई के दौरान वाहन चालक नवीन शर्मा को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि उसका साथी राजेश उर्फराजा फरार हो गया था . इस मामले में अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था . जगदीश परमार लगातार पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था . उसकी गिरफ्तारी पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था . पुलिस लंबे समय से जगदीश परमार की तलाश कर रही थी . लगातार मुखबिर तंत्र और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस को उसके सीहोर में होने की सूचना मिली थी . इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक रमेशचंद्र यादव,आरक्षक राजकुमार मीणा, अनिरुद्ध मीणा और अभिषेक गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही .

साइबर सुरक्षा जागरूकता का हुआ कार्यक्रम

शाजापुर, 4 जुलाई . पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय अरनियाकला शाजापुर में कक्षा 9ए 11 एवं 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया . कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था . कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान की गई . विद्यार्थियों को ओटीपी साझा न करने, ऑनलाइन स्कैमिंग, बायोमेट्रिक धोखाधड़ी, सिम संबंधी साइबर फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए गए . साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी अनजान व्यक्तिए फोन कॉल, लिंक, मोबाइल ऐप अथवा सोशल मीडिया संदेश पर बिना सत्यापन के विश्वास न करने तथा किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी, बैंकिंग विवरण, पासवर्ड अथवा बायोमेट्रिक जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई . यह भी बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को पुलिस, सीबीआई, बैंक अथवा किसी सरकारी संस्था का अधिकारी बताकर धमकाए या डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाए तो घबराने के बजाय तुरंत अपने अभिभावकों, विद्यालय अथवा स्थानीय साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करें . कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साइबर सुरक्षा से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया . अंत में विद्यार्थियों से सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने तथा साइबर अपराधों के प्रति सदैव सजग रहने का आह्वान किया गया . यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी सिद्ध हुआ . इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार राजे, पीएम श्री गतिविधि प्रभारी शिवदास पांडेय, वरिष्ठ शिक्षक बीएल सिंह, कार्यक्रम समन्वयक शहरम तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे .

जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर पौधारोपण

शाजापुर, 4 जुलाई . मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय विद्यालय परिसर में विविध जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया . कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण, विद्यार्थियों को साइकिल वितरण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु सामूहिक शपथ ग्रहण कराया गया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया रहे . विशिष्ट अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर, ब्लॉक समन्वयक मुकेश सोलंकी, संस्था प्राचार्य संजय स्वर्णकार एवं राजेंद्र सिसोदिया उपस्थित रहे . कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया अतिथियों का स्वागत वंदन किया . कार्यक्रम की रूपरेखा ब्लॉक समन्वयक मुकेश सोलंकी द्वारा रखी गई . कार्यक्रम और जन अभियान के कार्य क्षेत्र को जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर ने विस्तार पूर्वक रखा गया . इस प्रकार से अभियान जन जनता तक अपने कार्य को करना है तथा शासन की योजना एवं स्वर्णिम मध्य प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में अपनी भूमिका निभाता है . मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यों की सारांश को पर्यावरण स्वच्छता और शासन की योजनाओं से जोड़ने की सराहना करते हुए आगे भी इस कार्य को और तीव्रता के साथ आगे बढ़ाए एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री के संकल्प का आवाहन किया . कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, सीएमसी एवं एलडीपी के छात्र छात्राएं प्रस्फुटन समिति के दस्य तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे . कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के परामर्शदाता महेश सिसोदिया द्वारा किया गया . अंत में सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया .

नगरपालिका के दखल शुल्क में भ्रष्टाचार का दखल

दखल शुल्क में ही भारी अनियमितता

शाजापुर, 4 जुलाई. नगरपालिका भ्रष्टाचार का चारागाह सदियों से बनी हुई है. जिसको जहां मौका मिलता है, इस चारागाह में भ्रष्टाचार की फसल काटने लग जाता है. नगर पालिका द्वारा वाहनों से दखल शुल्क वसूला जाता है. पहले इस शुल्क की राशि 10 रुपए प्रति वाहन थी, जिसे बढ़ाकर 20 रुपए प्रति वाहन कर दी. इस राशि से बस स्टैंड का रखरखाव होता है. ऐसा रसीद पर लिखा हुआ है. अब इसमें खेल यह है कि प्रतिदिन लगभग 200 गाड़ियों से दखल शुल्क वसूला जाता है, लेकिन नगर पालिका में 30-40 गाड़ियों का ही दखल शुल्क जमा होता है. बाकी पैसा जो कर्मचारी दखल शुल्क वसूल रहा है, उसकी जेब में जाता है.



गौरतलब है कि शाजापुर बस स्टैंड पर नगर पालिका द्वारा विभिन्न वाहनों से दखल शुल्क लिया जाता है. यूं तो इसका टेंडर होना चाहिए, लेकिन कई वर्षों से इसका टेंडर नहीं हुआ है. इसलिए ये काम नगर पालिका के कर्मचारी द्वारा किया जाता है. प्रति वाहन 20 रुपए के हिसाब से लिया जाता है और लगभग 200 गाड़ियां प्रतिदिन निकलती हैं, जिनसे 20 रुपए प्रति गाड़ी के मान से दखल शुल्क की राशि वसूली जाती है. लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इनमें से आधी से ज्यादा गाड़ियों को रसीद न देकर दो नंबर में छोड़ दिया जाता है. यदि अमूमन एक एवरेज की बात करें, तो 100 गाड़ियों से यदि 20 रुपए के मान से दखल शुल्क की रसीद कटी, तो 2000 रुपए की आय कम से कम नगर पालिका को होना चाहिए, लेकिन नगरपालिका के पास दखल शुल्क रोज 1000 से ऊपर नहीं जाता है. तो बाकी पैसा कौन वसूल रहा है और किसकी जेब में जा रहा है.

वाहन ज्यादा है, नपा को कम मिल रही वूसली

बस स्टैंड पर जो बसों की एजेंटी करते हैं . उन्होंने नवभारत को बताया कि लगभग 150 वाहन शाजापुर से निकलते हैं, जो दखल शुल्क देते हैं . नपा के पूर्व कर्मचारी ने भी बताया कि पहले 120 वाहनों की रसीद काटी जाती थी, उस समय दखल शुल्क 10 रुपए हुआ करता था . जो कि अब 20 रुपए है और वे अब इस काम से हट गए हैं, इसलिए उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है . सवाल यह उठता है कि यदि 150 से 200 वाहन से भी यदि 20 रुपए दखल शुल्क वसूला जा रहा है, तो नगरपालिका को 2 से 3 हजार की आय होना चाहिए, लेकिन नगर पालिका में दखल शुल्क हजार रुपए से ऊपर प्रतिदिन जमा होता है . तो बाकी पैसा कहां जा रहा है .

बस स्टैंड के रखरखाव में काम आता है दखल शुल्क

जो दखल शुल्क वसूला जाता है, उससे बस स्टैंड का रखरखाव किया जाता है, लेकिन उसके बाद भी बस स्टैंड का शौचालय इस बात का गवाह है कि कैसा रखरखाव किया जा रहा है . साथ ही बस स्टैंड पर भी जगह-जगह गंदगी देखी जा सकती है . अब देखना यह है कि बस स्टैंड के दखल शुल्क में कौन भ्रष्टाचार का दखल कर रहा है . ये जांच का विषय है .

इनका कहना है

दखल शुल्क का ठेका नहीं हुआ है. इसलिए नगर पालिका के कर्मचारी ही वसूल रहे हैं. प्रतिदिन कितना दखल शुल्क जमा हो रहा है. यह देखकर ही बता सकता हूं.

- भूपेंद्र कुमार दीक्षित, सीएमओ-शाजापुर

फंदे पर झूलता मिला छात्रा का शव

शाजापुर, 4 जुलाई. नगर के वजीरपुरा क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक 17 वर्षीय स्कूली छात्रा का शव उसके किराए के मकान में फांसी के फंदे पर लटका मिला. दोपहर करीब 4 बजे जब परिजनों और पड़ोसियों ने उसे फंदे पर देखा तो तुरंत नीचे उतारकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. हालांकि अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया. मृतका की पहचान 17 वर्षीय खुशी पिता स्व. अनोखी के रूप में हुई है. खुशी शाजापुर के शासकीय गर्ल्स स्कूल में कक्षा 10वीं की छात्रा थी. परिजनों के मुताबिक खुशी के पिता का कोरोना काल के दौरान असमय निधन हो गया था, जिसके बाद से मां ही मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रही थी. शनिवार दोपहर को भी खुशी की मां अपने काम पर गई हुई थी और उसका छोटा भाई स्कूल गया था, जिससे खुशी घर में बिल्कुल अकेली थी. यह पीड़ित परिवार मूल रूप से राजगढ़ जिले के घटिया गांव का रहने वाला है और साल 2008 से शाजापुर के वजीरपुरा में किराए के मकान में निवास कर रहा है. पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है. मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है.

सिविल अस्पताल में गोपनीयता भंग का मामला

बीएमओ को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग

सुसनेर, 4 जुलाई. सिविल अस्पताल में आधिकारिक दस्तावेजों एवं गोपनीय जानकारी के कथित रूप से लीक होने का मामला सामने आया है. इस संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी बीएमओ को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है.

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अस्पताल की आधिकारिक एवं गोपनीय जानकारी समय समय पर बाहर पहुंच रही है, जिससे विभागीय गोपनीयता भंग हो रही है. शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अस्पताल के ऑफिस के कुछ स्टाफ सदस्य गोपनीय सूचनाओं की सुरक्षा बनाए रखने में असफल साबित हो रहे हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था और कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं. शिकायतकर्ताओं ने बीएमओ से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर यह पता लगाया जाए कि गोपनीय जानकारी किस स्तर से बाहर जा रही है तथा जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. वहीं मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आना शेष है. यदि जांच में शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की जा सकती है. अब यह देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस शिकायत पर क्या कदम उठाता है और जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं.

कांग्रेस ने लिए सोशल मीडिया वारियर्स के इंटरव्यू

शुजालपुर, 4 जुलाई. मध्यप्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार को कालापीपल एवं शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वारियर्स के इंटरव्यू सिकरवार ट्रैक्टर शोरूम पर आयोजित किए गए.

ऑनलाइन आवेदन करने वाले कार्यकर्ताओं का साक्षात्कार लेकर उनकी क्षमता के आधार पर ग्रेडिंग की गई. तैयार रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी. इस दौरान प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयंत सिकरवार, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, हसन रजा कुरैशी, मंगल सिंह राठौड़, भूपेंद्र सोनी, रईस पठान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. वहीं संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत शुजालपुर सिटी एवं मंडी मंडलम के वार्ड 1 से 25 तक की समितियों के गठन के लिए दो दिन चली बैठकों का शनिवार को समापन हुआ. विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्षों के नाम तय कर अनुमोदन के लिए प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को भेज दिए गए. अनुमोदन के बाद सूची जारी की जाएगी.

विधायक ने किया एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

शाजापुर, 4 जुलाई. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी आह्वान एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शाजापुर विधानसभा क्षेत्र में अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने की. इस दौरान विधायक श्री भीमावद ने कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी में विद्यालय संचालक ब्रजेश यादव, संचालिका शशि यादव, प्राचार्य नरेंद्रसिंह डोडिया व विद्यार्थियों के साथ परिसर में पौधों का रोपण किया. इस अवसर पर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रारंभ किया गयाएक पेड़ मां के नाम अभियान प्रत्येक नागरिक को अपनी मां और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है.

सुसनेर में बिना डिग्री के महिला रोग विशेषज्ञ होने का दावा

कार्रवाई नहीं होने से उठे सवाल, स्वास्थ्य विभाग की निगरानी पर सवाल

सुसनेर, 4 जुलाई. नगर में कुछ निजी क्लीनिकों पर बिना स्पष्ट शैक्षणिक योग्यता और पंजीकरण संबंधी जानकारी प्रदर्शित किए स्वयं को महिला रोग विशेषज्ञ बताकर उपचार किए जाने का आरोप सामने आया है. मामले को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है तथा स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित क्लीनिक पर चिकित्सक की डिग्री, पंजीकरण क्रमांक अथवा अन्य आवश्यक जानकारी प्रदर्शित नहीं होने की बात कही जा रही है. साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि मरीजों को दी जाने वाली कुछ दवाएं केवल एक विशेष मेडिकल स्टोर पर ही उपलब्ध कराई जाती हैं. जिससे कई तरह की आशंकाएं जन्म ले रही हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति बिना वैध योग्यता अथवा पंजीकरण के विशेषज्ञ चिकित्सक बनकर मरीजों का उपचार कर रहा है तो यह गंभीर विषय है. लोगों ने आरोप लगाया कि अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा न तो संबंधित क्लीनिक का निरीक्षण किया गया है और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई है. नागरिकों ने मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट करें कि संबंधित व्यक्ति के पास आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता, पंजीकरण एवं उपचार करने की वैध अनुमति है या नहीं. यदि अनियमितताएं पाई जाती है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो.

इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है, मैं उच्च अधिकारियों को बता कर कार्यवाही करवाता हूं.

-डॉ. बीबी पाटीदार, सिविल अस्पताल सुसनेर, बीएमओ

भाजपा की डिजिटल प्रशिक्षण महाअभियान की बैठक संपन्न

मोहन बड़ोदिया, 4 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी मंडल मोहन बड़ोदिया की वृहद कामकाजी बैठक मोहन बड़ोदिया के मांगलिक भवन में आयोजित की गई. जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी जुगल नाहर बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल ने की. विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय वरिष्ठ नेता तेजसिंह राजपूत थे.

मंडल प्रभारी जुगल नाहर ने केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर मंडल की बैठक में डिजिटल प्रशिक्षण महाअभियान के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का मोबाइल से डिजिटल प्रशिक्षण दिया तथा आगामी संगठन कार्यक्रमों पर मंडल में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की. साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपने विचार साझा किए. बैठक को संबोधित करते हुए नाहर ने कहा कि सीखना ही एक सशक्त कार्यकर्ता की पहचान है. भारतीय जनता पार्टी के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर संगठन की विचारधारा, पंचनिष्ठाओं तथा केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षण मंडल के पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष सक्रिय कार्यकर्ता ने पूर्ण कर प्रमाणपत्र प्राप्त किया. संगठन की रीति नीति और सेवाएं सुशासन एवं राष्ट्र प्रथम के संकल्प को और अधिक मजबूती से जन जन तक पहुंचाने के लिए सदैव भाजपा कार्यकर्ता प्रतिबद्ध रहता हैं. इस अवसर पर मंडल सहप्रभारी गिरिराज सोनी, विधायक प्रतिनिधि संदीप पाटीदार, कोषाध्यक्ष पुखराज पटेल, मंडल उपाध्यक्ष बनेसिंह गुर्जर, दिग्विजय सिंह सिसोदिया, दरबारसिंह राजपूत, मंडल मंत्री शिवसिंह गुर्जर, शक्ति केंद्र संयोजक जगदीश जागीरदार, युवा मोर्चा पदाधिकारीगण, सरपंचगण, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. बैठक का संचालन मंडल महामंत्री महेश भारती एवं आभार मंडल महामंत्री रामचन्द्र सूर्यवंशी ने माना.

जैविक कीटनाशक निर्माण का दिया प्रशिक्षण

शुजालपुर, 4 जुलाई. ग्राम बांसला में कृपा सोशल वेलफेयर सोसायटी उज्जैन की उदय परियोजना के तहत किसानों को जैविक कीटनाशक एवं जैविक टॉनिक तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया. कार्यक्रम में चिप कोऑर्डिनेटर संतोष मनोरिया एवं कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत ने जीवामृत एवं प्राकृतिक कीटनाशक बनाने की विधि का प्रदर्शन करते हुए रासायनिक खेती की लागत कम करने और जैविक खेती अपनाने के लाभ बताए. प्रशिक्षण में किसानों को देशी गाय के गोबर, गोमूत्र, गुड़, बेसन व अन्य प्राकृतिक सामग्री से जीवामृत तथा लहसुन, हरी मिर्च, तंबाकू और गोमूत्र से जैविक कीटनाशक बनाने की जानकारी दी गई. वक्ताओं ने किसानों से छोटे स्तर पर जैविक खेती शुरू करने का आह्वान किया.

एक नजर में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरी बार जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरड़ का हुआ चयन

शिक्षा के साथ स्वच्छ एवं हरित विद्यालय के रूप में देश में बनाई पहचान

शाजापुर,4 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले के माध्यमिक विद्यालय भरड को शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा घोषित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय की राष्ट्रीय रेटिंग 2025- 26 में मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ 10 विद्यालयों में से शाजापुर जिले का एकमात्र विद्यालय शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरड़ ने दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है.

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंगभारत सरकार की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है, जिसके अंतर्गत सुरक्षित पेयजल, बाल अनुकूल शौचालय, हाथ धुलाई सुविधा, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा, हरित परिसर विकास, पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली गतिविधियों तथा व्यवहार परिवर्तन आधारित गतिविधियों सहित विभिन्न मानकों पर विद्यालय का मूल्यांकन किया जाता है. प्रदेश की कुल 78149 शालाओं द्वारा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग अंतर्गत स्वमूल्यांकन प्रक्रिया में सहभागिता की गई थी, जिसमें मध्य प्रदेश के 10 विद्यालयों ने स्वच्छ एवं हरित विद्यालय की राष्ट्रीय रेटिंग 2025-26 के सभी मानकों को पूर्ण कर लिया है. जिसमें उनमें से शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरड़ ने यह उपलब्धि हासिल की है. पूर्व में सत्र 2016-17 में भी इस विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है.

इनके रहे अथक प्रयास...

एसएमसीग्रामीण समुदाय प्रधानाध्यापक घनश्याम पाटीदार, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शबनम अख्तर, इको क्लब प्रभारी लोकेंद्र शर्मा व विद्यार्थियों के अथक प्रयास एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरड़ ने इस बार भी अपने विद्यालय को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है जो जिले एवं प्रदेश के लिए एक गौरव का विषय है. भारत सरकार द्वारा मेरिट प्रमाण पत्र के साथ स्वच्छता एवं हरित गतिविधियों के सतत सुदृढ़ीकरण के लिए एक लाख रूपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी.

यह होती है गतिविधियां ...

विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यार्थियों का समग्र विकास के लिए अन्य गतिविधि भी संचालित की जा रही है . जैसे योग, व्यायाम, खेल के साथ नैतिक शिक्षा अंतर्गत ईमानदारी की दुकान, पक्षियों के लिए दाना बैंक, पेयजल व्यवस्था, अनुशासन, इको क्लब के माध्यम से पेड़ पौधों का संरक्षण, स्वच्छता, पॉलिथीन मुक्त विद्यालय आदि विषयों पर भी विद्यालय स्तर पर गतिविधियां आयोजित होती है .

मानसून से पहले नपा ने तेज किया सफाई अभियान

शाजापुर, 4 जुलाई. नगर पालिका परिषद ने मानसून को देखते हुए शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया है. इस अभियान के तहत नालों और पुलियाओं की व्यापक सफाई की गई, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से बचा जा सके और पानी की निकासी सुचारु बनी रहे. जलभराव की संभावित समस्या वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए जेसीबी, फायर वाहन और स्वच्छता टीम की मदद से नालों से गाद और कचरा हटाया गया. यह अभियान सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित, नपा अध्यक्ष प्रेम जैन के निर्देशन में संचालित किया. स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय पारछे और धर्मेंद्र टाक ने बताया कि शहर के जिन क्षेत्रों में हर वर्ष जलभराव की स्थिति बनती है वहां विशेष रूप से सफाई कराई गई है.